UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY

(A state Government University)

P.O. Chandanwari Premnagar, Suddhowala, Dehradun-248001, Uttarakhand

PH: 0135-2770126, Fax: 0135-2770124, Mobile: 7906811073

Email Id: coe@uktech.ac.in, Website: www.uktech.ac.in

Ref: 2014/UTU/EXAM/2021 Date: 27/03/2021

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के ऑनलाईन पंजीकरण एवं अन्य विषम सेमेस्टर के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भराये जाने की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पूर्व में कार्यालय के पत्र संख्या 1955 / यू0टी0यू0 / 2021 दिनांक 19 मार्च 2021 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसमें प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के ऑनलाईन पंजीकरण एवं अन्य विषम सेमेस्टर के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भराये जाने हेतु अंतिम तिथि 27 मार्च 2021 निर्धारित की गयी थी।

कतिपय संस्थानों द्वारा पंजीकरण एवं परीक्षा आवेदन फार्म भराये जाने हेतु अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। अतः उक्त को दृष्टिगत समस्त संस्थानों को सूचित किया जाता है कि पंजीकरण एवं परीक्षा आवेदन फार्म को ऑनलाईन भराये जाने हेतु अंतिम तिथि को बढ़ाकर दिनांक 02 अप्रैल 2021 किया जाता है।

अतः समस्त संस्थानों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 30 मार्च 2021 तक अनिवार्य रूप से प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें जिससे उक्त अभ्यर्थियों को पंजीकरण आवंटन कर निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षा आवेदन संबन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

भवदीय,

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. कुल सचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
3. श्री उपदेश भट्ट वित्त अनुभाग, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
4. श्री गौरव भण्डारी, यू0टी0यू0 को वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक